प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 01.06.2026

➢ **थाना मूसानगर पुलिस टीम द्वारा चोरी की 01 मोटर साइकिल सहित 01 नाजायज तमन्चा के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, थाना मूसानगर पुलिस दिनांक 01.06.2026 को थाना क्षेत्र मे रात्रि गस्त, देखरेख क्षेत्र, रोकथाम जुर्म जरायम में मामूर थी तभी जरिये मुखबिर से प्राप्त सूचना पर गजनेर रोड़, अतिबलपुर मोड से इरफान पुत्र इन्दुर खाँ निवासी कस्बा व थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात को पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति के कब्जे से 01 चोरी की मोटर साइकिल व जामा तलाशी में 01 तमन्चा 315 बोर बरामद हुआ। बरामद मोटर साइकिल को ई-चालान एप पर चेक किया गया तो उक्त मोटरसाइकिल का नम्बर UP91M3926 एवं मोटरसाइकिल के स्वामी का नाम रिषभ कुमार पुत्र हरिशंकर पाण्डेय निवासी ग्राम सिकरोढी डाडा पोस्ट कुसमरा तहसील कुरारा जनपद हमीरपुर प्रदर्शित हुआ है। उक्त मोटरसाइकिल की चोरी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली जनपद हमीरपुर पर मु0अ0स0 178/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत होना पाया गया है। थाना कोतवाली हमीरपुर को सीयूजी नम्बर 9454403535 पर चोरी की मोटरसाइकिल हीरो स्पेलन्डर प्लस नम्बर UP91M3926 बरामद होने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। पकड़े गये व्यक्ति को जुर्म से अवगत कराते हुए समय करीब 01.06 बजे पुलिस हिरासत में लिया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना मूसानगर पर मु0अ0सं0 50/2026 धारा 317(2) बीएनएस व 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का विवरण –

1. इरफान उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र इन्दुर खाँ निवासी कस्बा व थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात।

पूछताछ अभियुक्त–पूछने पर बताया कि बरामद मोटरसाइकिल मैने प्रधान डाक घर हमीरपुर के कम्पाउन्ड से दिनांक 11.08.2025 को चोरी की थी तथा मै चोरी जैसे काम करता हूँ इसलिए मै लोगो को डराने व अपनी सुरक्षा के लिए तमंचा अपने पास रखता हूँ। आज पुलिस द्वारा मुझे चोरी की मोटर साइकिल व तमंचा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

बरामदगी-

1. 01 चोरी की मोटर साइकिल UP91M3926 (सम्बन्धित मु0अ0सं0 178/2025 धारा 303(2) बीएनएस थाना कोतवाली जनपद हमीरपुर)
2. 01 तमंचा नाजायज 315 बोर।

गिरफ्तार करने वाली थाना मूसानगर पुलिस टीम-

प्र0नि0 श्रीमती रीना गौतम

उ0नि0 श्री अवनीश कुमार वर्मा

का0 642 गोविन्द यादव

रि0का0 130 सचिन गुर्जर

रि0का0 1089 शैलेन्द्र कुमार

चालक हे0का0 215 विजेन्द्र कुमार